# ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।।

पत्रांक 4304 / 12-1 दिनांक मई 11, 2016।

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
पौड़ी।

**विषयः—** **जनपद चमोली में दिवालीखाल—किमोली से नारायणबगड़ मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

**सन्दर्भः—** **आपका पत्रांक 6355/12—1 दिनांक 11 मई 2016।**

महोदय,

आपके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि दिवालीखाल—किमोली से नारायणबगड़ मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रस्तावित मोटर मार्ग में दिवालीखाल से घण्डियाल मन्दिर तक 5.00 किमी0 पूर्व में वन मोटर मार्ग है। इस स्थान से किमोली गांव की दूरी 4.100 किमी0 है जिसमें प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है, संरेखण बदलने पर वर्तमान से अधिक बांज व अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या काफी बढ़ जायेगी। किमोली से नारायणबगड़ तक भी 20.00 किमी0 मोटर मार्ग पूर्व में निर्मित है, भविष्य में गैरसैंण (विधानसभा भवन) भराड़ीसैंण को जोड़ने हेतु यह मार्ग न्यूनतम दूरी का मोटर मार्ग है।

दिवालीखाल से किमोली नारायणबगड़ हेतु यह समरेखण न्यूनतम दूरी में प्रस्तावित संरेखण है, अन्य सभी समरेखणों में अधिक वृक्ष व अधिक वन भूमि पड़ती हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित संरेखण में अपनी सहमति प्रदान करने की कृपा करें।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।